
GPS Map Camera
Nalagarh, Himachal Pradesh, India
2pq6+hcm, Professors Colony, Phase2, Nalagarh, Himachal Pradesh
174101, India
Lat 31.03872° Long 76.710593°
17/09/2025 01:02 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Google
Nalagarh, Himachal Pradesh, India
2pq6+hcm, Professors Colony, Phase2, Nalagarh, Himachal Pradesh 174101, India
Lat 31.038767° Long 76.710491°
17/09/2025 01:00 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Nalagarh, Himachal Pradesh, India
2pq6+hcm, Professors Colony, Phase2, Nalagarh, Himachal Pradesh
174101, India
Lat 31.038754° Long 76.710456°
17/09/2025 12:59 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Google
Nalagarh, Himachal Pradesh, India
2pq6+hcm, Professors Colony, Phase2, Nalagarh, Himachal Pradesh 174101, India
Lat 31.038825° Long 76.71045°
17/09/2025 12:58 PM GMT +05:30

# प्रश्नोत्तरी में नालागढ़ कालेज की टीम प्रथम



*बी.बी.एन. : राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ में अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले बच्चे। (ठाकुर)*

बी.बी.एन., 17 सितम्बर (ठाकुर): नालागढ़ कालेज में भूगोल विभाग द्वारा बुधवार को अंतर-महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में रामशहर, बरोटीवाला और नालागढ़ कालेज की 6 टीमों ने भाग लिया। इसमें नालागढ़ की टीमें प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि बरोटीवाला कालेज की टीम तृतीय रही। प्राचार्या डा. सपना संजय पंडित ने विजेताओं को सम्मानित किया।

उनके साथ सह प्राध्यापिका शिप्रा नालागढ़ कालेज, सहायक प्राध्यापिका डा. शालिनी देष्टा बरोटीवाला कालेज, सहायक प्राध्यापिका रीतू रामशहर कालेज, सहायक प्राध्यापिका सोनिया मोहिल, डा. शालू एवं डा. नविता शर्मा नालागढ़ कालेज में मौजूद रहीं।

छात्रों द्वारा एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई, जिसमें करणवीर, कुश चौधरी और भूमिका सिंह ने प्रथम, किरण, संदेश और हर्षिता ठाकुर द्वितीय जबकि अनुज कुमार, अनिशा कुमारी और अंजलि तृतीय रहे।

दैनिक
उत्तम हिन्दू
स्थापना 1983
■ पंजाब ■ हरियाणा ■ हिमाचल ■ चंडीगढ़ ■ दिल्ली ■ उत्तर प्रदेश

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नालागढ़ कालेज की टीम चमकी

## विश्व ओजोन दिवस के उपलक्ष में करवाई प्रतियोगिता



**उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क**

**रामशहर/धीमान** : नालागढ़ कालेज में अंतर महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय रामशहर, राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला और राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ की छह टीमों ने भाग लिया, जिनमें प्रत्येक टीम में तीन सदस्य थे। राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ की टीमें प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महाविद्यालय, नालागढ़ के भूगोल विभाग द्वारा कार्यक्रम विश्व ओज़ोन दिवस के उपलक्ष में किया गया था । भूगोल विभाग के छात्रों द्वारा एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई। जिसमें करणवीर, कुश चौधरी और भूमिका सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और किरण, संदेश और हर्षिता ठाकुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अनुज कुमार, अनिशा कुमारी और अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डॉ. सपना संजय पंडित ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर सह प्राध्यापिका शिप्रा राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ (कार्यक्रम की पर्यवेक्षक), सहायक प्राध्यापिका डॉ शालिनी देष्टा (जीसी बरोटीवाला), सहायक प्राध्यापिका रीतू (राजकीय महाविद्यालय रामशहर), सहायक प्राध्यापिका सोनिया मोहिल,डॉ. शालू एवम् डॉ. नविता शर्मा (राजकीय महाविद्यालय नालागढ़) भी मौजूद रहीं।

# प्रश्नोत्तरी में नालागढ़ कॉलेज की टीम अव्वल रही

## नालागढ़ कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस पर हुआ अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी



नालागढ़ कालेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की विजेता टीमें प्रधानाचार्य के साथ। संवाद

**नालागढ़ (सोलन)।** नालागढ़ कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस पर अंतर महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय रामशहर, राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला और राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ की छह टीमों ने भाग लिया। इनमें प्रत्येक टीम में तीन सदस्य थे।

राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ की टीमें प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन नालागढ़ कॉलेज के भूगोल विभाग ने किया। इस अवसर पर भूगोल विभाग के छात्रों ने एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई।

### राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ की टीमें प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहीं

इसमें करणवीर, कुश चौधरी और भूमिका सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और किरण, संदेश और हर्षिता ठाकुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अनुज कुमार, अनिशा कुमारी और अंजलि ने तृतीय स्थान पर रहीं। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सपना संजय पंडित ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर सह प्राध्यापिका शिप्रा नालागढ़ कॉलेज, सहायक प्राध्यापिका शालिनी देष्टा बरोटीवाला कॉलेज, सहायक प्राध्यापिका रीतू रामशहर कॉलेज, सहायक प्राध्यापिका सोनिया मोहिल, डॉ. शालू एवं डॉ. नविता शर्मा भी मौजूद रहीं।

### कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सपना संजय पंडित ने विजेताओं को किया सम्मानित